आकाशवाणी श्री विजयपुरम

31.10.2026 समय : 1905

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की।

2. राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के जवानों द्वारा मार्च पास्ट का आयोजन किया गया।

3. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने नई पीढ़ी के नौवहन उपग्रह एनवीएस–03 का सफल प्रक्षेपण किया।

4. डीब्रेट में ट्रेड डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की बोर्ड परीक्षाएं दिसंबर–जनवरी माह में आयोजित की जाएंगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर सरदार वल्लभभाई पटेल की एक सौ इक्यावनवीं जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने रेन फॉरेस्ट और वृक्ष वाटिका का भ्रमण किया। इस दौरान भारतीय वायु सेना के एक हेलीकॉप्टर द्वारा दुनिया की इस सबसे ऊंची प्रतिमा पर पुष्पवर्षा भी की गई। एकता नगर में पर्यटन और पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री ने सैलानियों की सुविधा के लिए दो नई विस्टाडोम और दो ई–बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने ई–वेस्ट यानी इलेक्ट्रॉनिक कचरा इकट्ठा करने वाली 20 विशेष वाहनों की शुरुआत की और एक आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी उद्घाटन किया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज श्री विजयपुरम में पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के जवानों द्वारा गर्ल्स स्कूल के सामने मार्च पास्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि को परेड की टुकड़ियों की ओर से जनरल सलामी दी गई। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने बटवारे के समय सरदार पटेल को दिए गए दायित्व को निभाने में अदा की गई भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान उपराज्यपाल ने तेईस नए पीसीआर वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस महानिदे''ाक रविन्द्र सिंह यादव ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और आंतरिक सुरक्षा एक–दूसरे से जुड़ी हुई है।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों और कर्मियों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान कर्मचारियों ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के संबंध में सीएसएल–एएन शिप रिपेयर यूनिट द्वारा आयोजित वॉकथॉन में भाग लिया।

<><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने अपनी नई पीढ़ी के नौवहन उपग्रह एनवीएस–03 का सफल प्रक्षेपण किया है। इस प्रक्षेपण से भारत की उपग्रह आधारित नौवहन प्रणाली को और मजबूती मिलेगी। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से कल रात जीएसएलवी–एफ18 रॉकेट ने सफल उड़ान भरी। प्रक्षेपण के बाद उपग्रह को उसकी निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया गया। एनवीएस–03 इसरो की दूसरी पीढ़ी की नौवहन उपग्रह श्रृंखला का तीसरा उपग्रह है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत की स्वदेशी नौवहन प्रणाली 'नाविक' की सेवाओं को बेहतर बनाना और उनकी उपलब्धता बढ़ाना है। इन सेवाओं का उपयोग आम नागरिकों के साथ–साथ सुरक्षा और सामरिक कार्यों में भी किया जा सकेगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की चौबीसवीं किस्त जारी किए जाने के उपलक्ष्य में कृषि विभाग, कार निकोबार की ओर से जिला उपायुक्त कार्यालय में जिला स्तरीय पीएम–किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला उपायुक्त अमित काले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर लाभार्थियों को योजना का निर्बाध लाभ सुनिश्चित करने के लिए उनकी गतिविधियों को पूरा कराने हेतु कार्यक्रम स्थल पर ही ई–केवाईसी अपडेट, आधार सीडिंग तथा बैंक सीडिंग की विशेष व्यवस्था की गई थी। इस आयोजन के दौरान कुल 88 किसानों ने सफलतापूर्वक अपना ई–केवाईसी अपडेट पूरा किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के प्रशासनिक सुधार और प्रशिक्षण विंग की ओर से आयोजित 'वेतन निर्धारण, एमएसीपी और आरटीआई' पर 5 दिवसीय परिभ्रामी प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल समापन हो गया। प्रशिक्षण में प्रशासन के अमलगमेटेड लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रशासनिक सुधार और प्रशिक्षण सचिव सतनाम सिंह ने निरंतर क्षमता निर्माण और कुशल प्रशासन के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से 'सांप के काटने से होने वाले विषैले प्रभाव की रोकथाम और नियंत्रण' पर वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सभी स्टाफ नर्सों ने भाग लिया। इस अवसर पर राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुब्रत साहा ने सांप के काटने से होने वाली मृत्यु दर और बीमारी को कम करने में स्वास्थ्य कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। जिला जन स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजीव कुमार घोष ने सांप के काटने की शुरुआती पहचान, प्राथमिक उपचार के उपायों और सामुदायिक जागरूकता पर जानकारी दी।

<><><><><><><><>

डॉ. बी. आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में ट्रेड डिप्लोमा पाठ्यक्रमों 'फूड प्रोडक्शन और फ्रंट ऑफिस ऑपरेशंस, की बोर्ड परीक्षाएं दिसंबर–जनवरी माह में आयोजित की जाएंगी। सभी पात्र उम्मीदवार परीक्षा पंजीकरण प्रक्रिया के लिए दो से सत्रह नवम्बर तक कार्य दिवसों में सुबह साढ़े आठ बजे से शाम चार बजे के बीच पांच सौ रूपये परीक्षा शुल्क के साथ होटल प्रबंधन विभाग से संपर्क कर सकते हैं। परीक्षा की तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

<><><><><><><><>

मुक्कुलथोर संगम, डिगलीपुर की ओर से वी.एस. पल्ली स्थित परिसर में एक सौ उन्नीसवीं थेवर गुरु पूजा का आयोजन कर स्वतंत्रता सेनानी पसुमपोन मुथुरामलिंग थेवर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर श्री कृष्णा मंदिर, से पारंपरिक दुग्ध–कलश शोभा यात्रा निकाली गई। संगम के सदस्यों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भी पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

<><><><><><><><>

समग्र क्षेत्रीय केन्द्र रीजनल सेंटर ने कल होप फाउंडेशन के सहयोग से 'व्हाइट केन सेफ्टी डे' और 'स्वच्छता ही सेवा 6.0' पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के तहत अबरडीन बाजार स्थित क्लॉक टॉवर से तिरंगा पार्क तक जागरूकता रैली निकाली गई। इस जागरूकता अभियान में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया।

<><><><><><><><>